कार्यालय अधिशासी अभियन्ता

खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण)

कुशीनगर

✆ 05564 297311

✉ eeruralkushinagar@gmail.com

पत्रांक 1887 / मा-4 / 06 दिनांक: 15/06 /2026

श्री सुरेन्द्र कुशवाहा, मा0 विधायक जी, फाजिलनगर द्वारा नोनिया पट्टी ग्राम पंचायत पेयजल योजना पर किये गये निरीक्षण की निरीक्षण आख्या

श्री सुरेन्द्र कुशवाहा, मा0 विधायक जी, फाजिलनगर द्वारा जनपद कुशीनगर के विकास खण्ड फाजिलनगर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्मित नोनिया पट्टी ग्राम पंचायत पेयजल योजना का निरीक्षण दिनांक 30.05.2025 को किया गया, जिसमें उपस्थिति निम्नवत रही–

1. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता, जू0इं0, कार्यदायी एजेंसी मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड के प्रतिनिधि, टी0पी0आई0ए0 के प्रतिनिधि, ड0पी0एम0यू0 के प्रतिनिधि, आई0एस0ए0 के प्रतिनिधि।
2. क्षेत्र के सम्मानित एवं जागरूक जनसमूह।
3. सम्बन्धित ग्राम प्रधान व ग्रामवासी।

निरीक्षण का विवरण निम्नवत है–

मा0 विधायक जी द्वारा सर्वप्रथम योजना से सम्बन्धित समस्त घटकों यथा शिरोपरि जलाशय, पम्प हाउस, बाउन्ड्रीवाल, पम्पिंग प्लान्ट, सोलर प्लान्ट, वितरण प्रणाली व गृह जल सयोजनों के बारे में विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त किया गया। मा0 विधायक जी द्वारा योजना के आटोमेशन से सम्बन्धित प्रणाली एवं योजना की मॉनिटरिंग के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी। मा0 विधायक जी द्वारा ग्रामवासियों से नियमित एवं गुणवत्ता पूर्ण जलापूर्ति के बारे में फीडबैक प्राप्त किया गया जिसमें ग्रामवासियों द्वारा दिये गये फीडबैक से मा0 विधायक जी संतुष्ट व प्रसन्न दिखे। मा0 विधायक जी द्वारा जनता को सम्बोधन के समय पेयजल के महत्व एवं सद्पयोग हेतु प्रेरित किया गया तथा योजना से नियमित एवं निर्बाध रूप से जलापूर्ति करने हेतु निर्देशित किया गया।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner